Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

**कक्षा 4**

कुल प्रश्न : 35 + 3 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 35

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **35 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक निर्धारित है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेन्सिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेन्सिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #175

HI4

BLOOM CAP
Founded by | arihant

**1.** 'त्र' का वर्ण विन्यास होगा

(a) त्र + र
(b) त् + र
(c) त + अ
(d) अ + त्

**2.** '<u>पर्वतराज हिमालय</u> भारत का मुकुट कहलाता है।' वाक्य में रेखांकित पद है

(a) विधेय
(b) उद्देश्य
(c) सर्वनाम
(d) क्रिया

**3.** लिपि किसे कहते हैं?

(a) मौखिक भाषा को
(b) मौखिक ध्वनि के लिए निर्धारित चिह्न को
(c) इशारों को
(d) स्वरों को

**4.** निम्नलिखित शब्दों को उनके पर्यायवाची शब्दों के साथ सुमेलित कीजिए

| | |
|---|---|
| I. अक्षि | A. शमशीर |
| II. सरोज | B. नयन |
| III. तलवार | C. कमल |

**कूट**

(a) I- A, II- C, III- B
(b) I- B, II- C, III- A
(c) I- C, II- A, III- B
(d) I- A, II- B, III- C

**5.** 'जो उपकार को मानता हो।' के लिए एक शब्द होगा

(a) एहसान फरामोश
(b) कृतघ्न
(c) कृतज्ञ
(d) उपकारण

**6.** हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 14 नवम्बर को
(b) 14 सितम्बर को
(c) 14 अप्रैल को
(d) 14 अगस्त को

**7.** समूहवाचक संज्ञा का उदाहरण है

(a) भीड़ व दल
(b) राम व समूह
(c) आगरा व दिल्ली
(d) सेना व लड़की

**8.** 'दुर्जन' शब्द ········ उपसर्ग व ··········· मूलशब्द से बना है

(a) दुः, जन
(b) दुर्, जन
(c) जन, र
(d) दु, रजन

**9.** 'खटिया' शब्द में प्रत्यय है

(a) ईया
(b) इय
(c) इया
(d) या

**10.** अपूर्ण विराम के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(a) : (b) ; (c) “ ” (d) !

**11.** 'अनिल रोटी चर रहा है।' वाक्य में गलत शब्द है

(a) रोटी (b) अनिल
(c) रहा है (d) चर

**12.** निम्नलिखित में विशेषण नहीं है

(a) रोज (b) थोड़ा
(c) कम (d) ज्यादा

**13.** चंद्रमा एक उपगृह है। रेखांकित शब्द के लिए उचित शब्द कौन-सा है?

(a) गृह (b) उपग्रह
(c) उपगर्ह (d) उपगृहों

**14.** 'पी. टी. उषा ने कई स्वर्ण पदक जीते थे।' वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) पूर्ण भूतकाल (b) सम्पूर्ण भूतकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) न भूतकाल

**15.** निम्नलिखित वाक्य में कितनी संज्ञाएँ हैं?
''सुशील और सुशीला कपड़े लेकर बनारस गए।''

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**16.** सम्बोधन कारक के लिए प्रयोग किए जाने वाला शब्द है

(a) के लिए (b) अरे
(c) का (d) से

**17.** 'अनुमोदित' का विलोम है

(a) अनुमान (b) स्वीकृति
(c) अस्वीकृत (d) अनन्त

**18.** 'पेड़ पर चिड़िया बैठी है।' चिड़िया का बहुवचन है

(a) चिड़ियाएँ (b) चिड़ियोंन
(c) चिड़ियाँ (d) चिड़ी

**19.** सभी युवक चित्र देख रहे हैं। रेखांकित शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप क्या है?

(a) युवकों (b) युवतियाँ
(c) युवती (d) युवतीयों

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द संयुक्त व्यंजन वाला नहीं है?

(a) श्रम (b) हृदय
(c) ज्ञानी (d) त्रिशूल

**21.** निम्नलिखित में सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) इतिहासिक
(b) एतेहासिक
(c) ऐतिहासिक
(d) ईतिहासिक

**22.** 'कल मेरी पुस्तक खो गई।' वाक्य में 'खो गई' कैसी क्रिया है?

(a) संयुक्त
(b) अकर्मक
(c) सकर्मक
(d) द्विकर्मक

**23.** 'अन्धे की लाठी' मुहावरे का अर्थ है

(a) एकमात्र सहारा
(b) ईमानदार
(c) भरोसा
(d) लकड़ी

**24.** 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' लोकोक्ति का अर्थ है

(a) आँगन की आकृति टेढ़ी होना
(b) नाचने से आँगन टेढ़ा हो गया
(c) काम न जानना और बहाने बनाना
(d) आँगन नाचने से शोभित हो गया

**25.** हिन्दी भाषा की लिपि क्या है?

(a) देवनागरी
(b) रोमन
(c) संस्कृत
(d) गुरुमुखी

**26.** दिए गए चित्र के आधार पर गलत पर्यायवाची विकल्प का चयन कीजिए

| | चित्र | पर्यायवाची |
|---|---|---|
| (a) |  | विहग, नभचर, खग |
| (b) |  | सरिता, तटिनी, तंरगिणी |
| (c) |  | जलधर, घन, मेघ |
| (d) |  | पृथ्वी, वसुधरा, धरा |

**27.** 'रोहित कहानी लिखता है। वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन-सा कारक है?

(a) कर्ता कारक
(b) कर्म कारक
(c) सम्प्रदान कारक
(d) करण कारक

**28.** **कथन** (A) अ, इ, ऊ, ए, ऐ आदि हिंदी के स्वर हैं।

**कारण** (R) जिन वर्णों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं लेनी पड़ती, वे वर्ण स्वर कहलाते हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**29.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (वाक्य) | | **सूची II** (सर्वनाम) |
|---|---|---|---|
| A. | हम आज फिल्म देखने जाएँगे। | 1. | संबंधवाचक |
| B. | जो मेहनत करेगा वह सफल होगा | 2. | निजवाचक |
| C. | आप कब आए? | 3. | पुरुषवाचक |
| D. | वह दीपक का भाई है | 4. | निश्चयवाचक |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**30.** 'जिसका वर्णन असम्भव हो' के लिए एक शब्द है

(a) अविश्वसनीय
(b) अवर्णनीय
(c) अकल्पनीय
(d) अनिर्णीत

**31.** 'वह अंकित का दोस्त है।' इस वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम
(b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) पुरुषवाचक सर्वनाम
(d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**32.** निम्नलिखित शब्दों में संयुक्त व्यंजन शब्द है

(a) श्रमिक
(b) सम्बन्ध
(c) सुरेश
(d) कर्म

**33.** 'राम ने रावण को धनुष से मारा।' वाक्य में कितने कारक चिह्न हैं?

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 34-35) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए

हनुमान समुद्र के किनारे खड़े होकर सोच रहे हैं कि इतने विशाल समुद्र को मैं कैसे पार कर सकता हूँ। तभी वहाँ पर जामवन्त आते हैं और उनसे कहते हैं कि अपने आप पर विश्वास करो, पुत्र तुम में इस समुद्र को पार करने का सामर्थ्य है। तुम अपना रूप हिमालय से बड़ा कर सकते हो, चींटी से भी सूक्ष्म कर सकते हो। तुम सूर्य देव के श्राप के कारण अपनी शक्तियों को भूल गए हो। कोई भी जब तुम्हें याद दिलाएगा, तो तुम्हारी शक्तियाँ वापस आ जाएँगी, ऐसा सूर्य देव ने कहा था।

**34.** गद्यांश के अनुसार, हनुमान को उनकी शक्ति कौन याद दिलाता है?

(a) राम
(b) लक्ष्मण
(c) जामवन्त
(d) सुग्रीव

**35.** हनुमान अपना रूप किससे बड़ा कर सकते थे?

(a) चींटी से
(b) हाथी से
(c) समुद्र से
(d) हिमालय से

## Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 3 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** खेत का पर्यायवाची शब्द है

(a) बीघा
(b) क्षेत्र
(c) ग्राम
(d) एकड़

**2.** उचित विकल्प का चयन कीजिए

शाकाहारी उसे कहते हैं, जो केवल

1. अन्न खाता हो।
2. फल खाता हो।
3. सब्जी, अन्न खाता हो।

**कूट**

(a) केवल 1 सही है।
(b) 2 और 3 सही हैं।
(c) केवल 3 सही है।
(d) ये सभी

**3.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (मुहावरे) | | **सूची II** (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| A. | काया पलट होना | 1. | बहुत प्रयत्न करना |
| B. | दबे पाँव आना | 2. | दया आ जाना |
| C. | हाथ-पैर मारना | 3. | भारी परिवर्तन |
| D. | दिल पसीजना | 4. | *चुपचाप* आना |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |